The Institute of Chartered Financial Analysts of India University, Jharkhand

Press Release

रांची
02/**07**/**2020**

इकफ़ाई विश्वविद्यालय का प्रबंधन में अपने पीएचडी कार्यक्रम के लिए प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित

चयनित उम्मीदवार भारत भर से प्रतिष्ठित संगठनों में वरिष्ठ भूमिकाओं में काम करने वाले

2020 बैच के लिए प्रबंधन में पीएचडी कार्यक्रम (पार्ट टाइम) के लिए नामांकन चयन के परिणाम इकफ़ाई विश्वविद्यालय, झारखंड द्वारा घोषित किए गए है और विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। चयनित उम्मीदवार वर्तमान 11 स्थानों से लिए गए है, जिनमें बेंगलुरु, दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता, मुंबई, पटना, रांची, श्रीनगर, सूरजपुर आदि शामिल हैं। वे कोल इंडिया, भारतीय रिजर्व बैंक, फ्यूचर रिटेल, आईबीएस बिजनेस स्कूल, जेपी मॉर्गन चेज, जम्मू एंड कश्मीर बैंक, जेएसडब्ल्यू सीमेंट, कोटक महिंद्रा बैंक, मोबिलिटी, एनआईआईटी टेक्नोलॉजीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज जैसे प्रतिष्ठित संगठनों में वरिष्ठ भूमिकाओं में काम कर रहे हैं।

परिणाम पर टिप्पणी करते हुए, प्रो ओआरएस राव, कुलपति, इकफ़ाई विश्वविद्यालय, झारखंड ने कहा, की "वर्तमान वर्ष के दौरान कोविद-19 महामारी के बावजूद, हमारे पीएचडी कार्यक्रम को पिछले 5 वर्षों में उसकी कार्यक्रम की कठोरता एवं गुणवत्ता के कारण उत्कृष्ट प्रतिक्रिया मिली। प्रोफ राव ने कहा की प्रवेश परीक्षा का आयोजन कोविद-19 स्थिति के कारण, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा संचालित रिमोट प्रॉक्टरिंग का उपयोग करके भारत के 27 स्थानों के उम्मीदवारों द्वारा अपने घरों से ऑनलाइन रिसर्च एप्टीट्यूड टेस्ट लिया गया था। उसके बाद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सॉफ्टवेयर का उपयोग करके व्यक्तिगत साक्षात्कार आयोजित किए गए थे।

मौजूदा स्थिति के कारण, अकादमिक डिलीवरी के लिए मोडस ऑपरेंडी के बारे में बताते हुए, प्रो राव ने कहा कि पंजीकृत छात्रों के लिए कोर्स वर्क- I का आयोजन 13 जुलाई 2020 से किया जाएगा, जिसमें ब्लेंडेड लर्निंग मॉडल का उपयोग किया जाएगा, जिसमें डिजिटल पाठ्यक्रम सामग्री (जैसे पीपीटी, रिकॉर्ड वीडियो लेक्चर, केस स्टडीज, शोध लेख आदि) हमारे विश्वविद्यालय के स्वाध्याय लर्निंग पोर्टल के माध्यम से स्कॉलरओ के लिए सुलभ हो जाएंगे और उनके लिए ऑनलाइन इंटरेक्टिव कक्षाएं आयोजित की जाएंगी, जिससे डिजिटल लर्निंग पेडागोजी का उपयोग किया जाएगा।

======